
JOIN SCOUTING



Honb'le President of India
Chief Patron, National Association

## Our key Activities :


1. Camping
2. Adventure
3. Community Development
4. International/National Activity
5. Skill Development



# Rajasthan State Bharat Scouts & Guides

Baden Powell defined
**Citizenship**
as active loyalty to the
**community**





As explained by
Baden-Powell in the
Aids to Scoutmastership

# Objects Of
## SCOUT TRAINING

To improve the standard of our
**Future Citizenhood**
especially in

**Character and Health;**

**To replace**
**Self with Service**

To make the Youth individually
**Efficient morally and Physically**

# Scouting

Good Citizenship Training

**Active Citizenship**

Proper Sense of Citizenship

**Training in Handicrafts and Useful Skills**

Cultivation of Proper
**Sprit of Service**

With the object of using that
**Efficiency**
for service for their
**Fellowmen**

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड

## स्काउटिंग गाइडिंग श्रेष्ठ विश्व की संकल्पना एवं व्यक्तित्व विकास का अनुपम संगठन आधार स्तम्भ

- चरित्र
- स्वास्थ्य
- स्वावलम्बन
- निस्वार्थ सेवा
- आध्यात्मिक दृष्टिकोण
- आयु आधारित सदस्यता
  - बनी
  - कब बुलबुल
  - स्काउट गाइड
  - रोवर रेंजर




## परिचय

स्काउटिंग गाइडिंग युवाओं के व्यक्तित्व विकास का अनुपम आंदोलन है जो एक सैन्य अधिकारी रॉबर्ट बेडेन पावेल द्वारा 1907 में प्रारंभ किया गया।

वर्तमान में स्काउट गाइड संगठन विश्व के 216 देशों और उपनिवेशों में संचालित है। लगभग 5 करोड़ सदस्यों के साथ यह विश्व का सबसे बड़ा गणवेश धारी संगठन है।



आंदोलन में 3 वर्ष की आयु से 25 वर्ष की आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं, युवक-युवतियों के लिए मनोवैज्ञानिक आधार पर प्रशिक्षण एवं गतिविधियाँ उपलब्ध हैं। यह जीवनोपयोगी गतिविधि उन्हें सर्वांगीण रूप से विकसित कर स्थानीय राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय समुदाय का उत्तरदायी नागरिक बनने में मदद करती है।

विश्व प्रसिद्ध विभूतियां बाल्यकाल में स्काउट गाइड संगठन की सदस्य रही है यथा डॉक्टर एनी बेसेंट, मौलाना अबुल कलाम आजाद, पंडित मदन मोहन मालवीय, जस्टिस एम हिदायतुल्लाह, जस्टिस विवियन बोस, पूर्व राष्ट्रपति आर वेंकटरमन, डॉ. शंकर दयाल शर्मा, कमेंटेटर जसदेव सिंह आदि।

वर्तमान का चर्चित चेहरा मैन वर्सेज वाइल्ड के मि. बेयर गिल इंग्लैंड के चीफ स्काउट हैं।

राजस्थान में स्काउट गाइड संगठन 1950 से कार्यरत है। वर्तमान में 1 राज्य मुख्यालय, 7 मंडल मुख्यालय, 33 जिला मुख्यालय एवं 30 स्थानीय संघों के माध्यम से लगभग 11 लाख युवा एवं वयस्क संगठन के सदस्य हैं।

राज्य के प्रमुख शिक्षाविद, न्यायविद, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी संगठन से जुड़े हुए हैं।

## प्रमुख शाखाएँ :-

बनी :- 3 से 5 वर्ष के शिशुओं के लिए संचालित सबसे कनिष्ठ शाखा।

कबिंग :- 5 से 10 वर्ष के बालकों के लिए संचालित गतिविधि, रुडयार्ड किपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'दी जेगल बुक' पर आधारित, 1914 में प्रारंभ।

बुलबुलिंग :- 5 से 10 वर्ष की आलिकाओं की गतिविधि, एक विशेष कहानी 'तारा स्टोरी' पर आधारित, 1916 में प्रारंभ।

स्काउटिंग :- 10 से 17 वर्ष के बालकों की गतिविधि, लार्ड बेडेन पावेल के सैन्य अभ्यास पर आधारित जीवन उपयोगी प्रशिक्षण 1907 में प्रारंभ।





## गाइडिंग :-

10 से 17 वर्ष की बालिकाओं की गतिविधि, जीवन उपयोगी कलाओं का प्रशिक्षण 1910 में प्रारंभ।

## रोवरिंग :-

15 से 25 वर्ष के युवाओं की गतिविधि, व्यक्तित्व विकास एवं जीवन उपयोगी कलाओं का प्रशिक्षण, साहसिक गतिविधियाँ, समाज सेवा, सामुदायिक सेवा आदि 1918 में प्रारंभ।

## रेंजरिंग :-

15 से 25 वर्ष की युवतियों की गतिविधि, व्यक्तित्व विकास एवं जीवनोपयोगी कलाओं का प्रशिक्षण साहसिक गतिविधियाँ, सामुदायिक सेवा आदि 1919 में प्रारंभ।

## गतिविधियाँ :-

शिविर जीवन, कैम्प क्राफ्ट, साहसिक गतिविधियाँ, आत्मरक्षा एवं जीवनरक्षक कलाएँ व सामुदायिक विकास, कौशल विकास एवं दक्षता, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ, स्वावलम्बन।

## पुरस्कार (बालक बालिकाओं के लिए) :-

स्काउट गाइड के सदस्यों को निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर राज्य स्तर पर राज्यपाल महोदय द्वारा एवं राष्ट्रीय स्तर पर महामहिम राष्ट्रपति महोयद द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र विशेष समारोह में प्रदान किए जाते हैं। यह गोरव वर्तमान में स्काउट गाइड संगठन को ही प्राप्त है।

| क्र.सं. | आयु वर्ग | नाम | आदर्श वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 से 5 वर्ष | बनी | मुस्कराते रहो |
| 2 | 5 से 10 वर्ष | कब - बुलबुल | कोशिश करो |
| 3 | 10 से 17 वर्ष | स्काउट - गाइड | तैयार रहो |
| 4 | 15 से 25 वर्ष | रोवर - रेंजर | सेवा |

## पुरस्कार वयस्कों के लिए :–

संगठन के प्रति अति विशिष्ट सेवाओं के फलस्वरूप वयस्कों को संगठन द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। संगठन के पुरोधाओं को भारत सरकार द्वारा भी पद्म विभूषण, पद्म श्री एवं गैलंट्री अवॉर्ड से अलंकृत किया गया है।

## स्काउटिंग गाइडिंग क्यों:–

वर्तमान समय में बालक बालिकाएं, युवक युवतियां सामाजिक जीवन से विमुख होकर एकाकी होते जा रहे हैं। अभिभावकों का भी रूझान अधिकाधिक अंक अर्जित करवाने की ओर ही रहता है। फलस्वरूप बालक बालिकाएं, युवक युवतियां शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित कर लेते हैं लेकिन सामाजिक जीवन से अनभिज्ञ रहते हैं और जीवनोउयोगी कलाओं को भी सीख नहीं पाते हैं। यही कारण है कि विपरीत परिस्थितियों का दृढ़तापूर्वक सामना नहीं कर पाते हैं।

निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थाओं के छात्र वर्ग को जीवनोपयोगी एवं जीवनरक्षक कलाओं के प्रशिक्षण से युक्त युवाओं के रूप में तैयार कर समुदाय के उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार किया जा सकता है। इस कार्य हेतु स्काउट गाइड संगठन सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संगठन राज्य सरकार से स्वीकृत गतिविधि है।



## अभिभावक ध्यान दें :–

**बालक बालिकाओं, युवक युवतियों को स्काउट गाइड संगठन के सदस्य बनाने से लाभ : –**

- इससे उन्हें सामाजिक रूप से विकसित होने के अवसर मिलेंगे।
- आवासीय शिविरों के माध्यम से परस्पर मेलजोल बढ़ाने के अवसर।
- अपने आयुवर्ग के साथ प्रकृति के मध्य सीखने के अवसर।
- व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि।
- करके सीखने के अवसर।
- नियमित अनुशासित जीवन जीने के अवसर।
- विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सीखने के अवसर।
- साहस, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं आत्मविश्वास बिवसित करने के अवसर।
- कौशल विकास कर स्वावलम्बन से जीवनयापन करने के अवसर।
- अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने के अवसर।



## स्काउटिंग गाइडिंग से लाभ संस्थानों के लिए :–

- सक्रिय सह शैक्षिक गतिविधि संचालन के अवसर
- संस्थान के प्रचार प्रसार में लाभदायक
- संस्थान के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय गतिविधियों में सहभागिता के अवसर।
- विद्यार्थियों को जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अवसर।
- संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों, समारोह आदि के आयोजन में स्काउट गाइड का सहयोग।
- संस्थान की आपदा प्रबंधन टीम गठन के अवसर।
- संस्थान द्वारा प्राप्त सीएचआर के संचालन में स्काउट गाइड का सहयोग (कार्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी)
- संस्थान के प्लेसमेंट प्रतिशत में वृद्धि के अवसर।
- संस्थान को विश्व स्काउट गाइड समुदाय से जुड़ने एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के अवसर।



# सामुदायिक सेवा योजनाओं में स्काउट गाइड का योगदान :–

## विशेष योजनाएँ :–

| | | |
|---|---|---|
| जनजाति स्काउटिंग गाइडिंग | पिछड़ी जाति स्काउटिंग गाइडिंग | अनाथालय स्काउटिंग गाइडिंग |
| विशिष्ट योग्यजन स्काउटिंग गाइडिंग | बेटी बचाओं – बेटी पढ़ाओ | यातायात एवं सड़क सुरक्षा |
| वृद्धजन सेवा | जल स्वावलम्बन ( संरक्षण ) | नशामुक्ति |
| स्वच्छता | नेशनल ग्रीन कोर | सौर ऊर्जा |
| पर्यावरण संरक्षण | युवा महोत्सव | आपदा प्रबंधन |
| पोलीथीन उन्मूलन | एड्स जन चेतना | तम्बाकू निषेध |
| टीकाकरण | पल्स पोलियो | रक्तदान |




## Expectations from Head of Institutions :-


Membership Rs. 30/- Per Year Per Scout/Guide

1. Unit formation with 32 boys/girls.
2. Train a teacher as unit leader.
3. Encourage their participation in scout camps and adventure activities
4. Facilitate Scouts/Guides with training material & club room.
5. Approve annual calendar and budget.

## Advancement Schemes of Cub/Bulbul, Scout/Guide & Rover/Ranger





**Leave this world a little better than you found it.**

-Robert Baden-Powell

सम्पर्कसूत्र :

**राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड**

राज्य मुख्यालय, जवाहरलाल नेहरु मार्ग, बजाज नगर, जयपुर - 302015

फोन : 0141-2706032, 2706830

ई-मेल : rajscoutguide@yahoo.com

वेबसाईट : www.scoutsguides.rajasthan.gov.in